प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मोदी सरकार

नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान, सरकार ने बुनियादी ढांचे, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण और उनके जीवन को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू आज से 23 सितम्बर तक चुनाव प्रचार के लिए जम्मू दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे जम्मू कश्मीर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं करेंगे। मुख्यमंत्री का 23 सितंबर को वापिस शिमला आने का कार्यक्रम है।

भेंट

पेरिस पैरालंपिक–2024 के रजत पदक विजेता ऊना जिले के निषाद कुमार ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने निषाद कुमार को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और सभी को समर्पण के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए विभिन्न सुविधाएं और प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने अधिकारियों से आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने को कहा है ताकि लोगों को बार–बार कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े। धर्मशाला में जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों तक प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और विकास कार्यों में तीव्रता लाने सहित जन शिकायतों का त्वरित समाधान करने में जन शिकायत निवारण समिति की अहम भूमिका रहती है।

कार्यशाला

प्रदेश सरकार के डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस ने केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिविजन के संयुक्त तत्वावधान में शिमला में कल एक कार्यशाला का आयोजन किया। डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग के निदेशक डॉ. निपुण जिन्दल ने कार्यशाला के आयोजन और इसके विस्तृत पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में ई–ऑफिस के उपयोग और सुशासन में डिजिटल गवर्नेंस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विभिन्न विभागों द्वारा उनकी कार्य शैली में डिजाइन सिस्टम को शामिल करने और लोगों को सुलभ व समयबद्ध जन सेवाएं प्रदान करने के लिए कुशल कार्यप्रणाली स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन को लेकर शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में कल विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस योजना के तहत जिला भर में 20 हजार सौ 55 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से 5 हजार एक सौ 70 आवदेनों की सत्यापन प्रक्रिया हो चुकी है। उपायुक्त ने अधिकारियों को लंबित आवेदनों की प्रक्रिया को कम से कम समय में पूरा करने को कहा ताकि लाभार्थियों का चयन शीघ्र हो सके और उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

सुर्खिया समाचार पत्रों से ....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने कल हुई कैबिनेट बैठक में लिए निर्णयों से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला व आपका फैसला की एक जैसी सुर्खी है–विदेश में पढ़ने के लिए एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण, जेओए आईटी के दो पोस्ट कोड का परिणाम जारी करने की मंजूरी। पंजाब केसरी का शीर्षक है–हिमाचल की आर्थिकी को पटरी पर लाएगा पावर कार्पोरेशन, तीन बड़े प्रोजैक्ट आबंटित। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–विदेश में पढ़ाई को भी मिलेगा सस्ता लोन। दैनिक भास्कर लिखता है–विभागों में भरे जाएंगे एक सौ 80 पद, देहरा और पावंटा अस्पताल में बनेंगे सीसीयू। हिमाचल दस्तक का कहना है–प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन को सौंपी जाएगी जंगी–थोपन परियोजना जबकि दैनिक जागरण का शीर्षक है–सीएम सुक्खू नौ दिन प्रयोग नहीं करेंगे हेलीकॉप्टर, 30 लाख रुपये बचेंगे।

अमर उजाला ने प्रदेश हाई कोर्ट के हवाले से सुर्खी दी है–तीन हजार 2 सौ 94 प्राथमिक शिक्षकों को 2014 से नियमित करने के आदेश–हिमाचल हाईकोर्ट ने शिक्षकों की याचिका स्वीकारी। हिमाचल दस्तक लिखता है–18 दिसंबर, 2014 से नियमित किए जाएं प्राथमिक सहायक अध्यापक।

दैनिक जागरण की एक सुर्खी है–स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी के लिए बनी सात सदस्यीय कमेटी।

प्रदेश में बनी शूगर, हार्ट व बीपी समेत 19 दवाओं के सैंपल फेल–दैनिक भास्कर की एक अन्य ख़बर।